ULB

BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001

Minimum Government, Maximum Governance

E-News Letter

October, 2016

Local Self Government

राष्ट्रीय एकता दिवस

नगर निगम कार्यालय में दिनांक 31.10.2016 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम में वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय शिवसिंह भोंट महापौर, नगर निगम, भरतपुर द्वारा की गई।

विशेष स्वच्छ नगर अभियान

उक्त अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13.10.2016 से 02.11.2016 तक निम्न कार्यक्रमानुसार सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य सडक के दोनों की झाडियां साफ कराई गई एवं अतिरिक्त मिट्टी को सड़क से हटाया गया। शहर के मुख्य प्रवेश द्वार पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत् वार्ड वाईज कार्यक्रम निम्न प्रकार है –

दिनांक 13.10.2016 से 17.10.2016	–	वार्ड संख्या 9, 10, 11, 12, 13, 4, 5, 6, 7, 8
दिनांक 18.10.2016 से 22.10.2016	–	वार्ड संख्या 27, 28, 29, 30, 31, 1, 2, 3, 48, 49
दिनांक 24.10.2016 से 02.11.2016	–	वार्ड संख्या 14, 15, 16, 32, 33, 38, 39, 40, 41, 42

स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 6200 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 6200 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 6000 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। 6000 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

उक्त योजना अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म से दिनांक 24.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को कार्यादेश दिनांक 10.10.2016 को जारी कर दिया गया है। फर्म ने साइट पर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है।

अमृत योजना

अमृत योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार राशि स्वीकृत की है –

1.	वाटर सप्लाई	–	राशि 50.00 करोड़
2.	सीवरेज	–	राशि 79.66 करोड़
3.	ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस्	–	राशि 02.50 करोड़
	कुल योग	–	**राशि 132.16 करोड़**

रूडसिको द्वारा सीवरेज की निविदा जारी कर दी कार्यवाही की जा रही है। ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की बैठक दिनांक 15.09.2016 में 2.5 करोड़ रू. स्वीकृत हो चुके हैं। निविदा की कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

एस.एम.आई.ड़ी घटक के तहत महिलाओं के 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 130 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

ई.एस.टी.पी. घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 885 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 37 आवेदकों का प्रशिक्षिण कार्य हो चुका है, तथा 80 आवेदकों को RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 711 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 112 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 50 आवेदनकर्त्ताओं को 29.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है, तथा आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

स्ट्रीट वैंड़र घटक के तहत 1,000 से अधिक संख्या होने के कारण एजेंसी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सर्वे कार्य पूर्ण कर दिया गया है। जिसके लिए सम्बन्धित एजेन्सी को 546400 रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

Contacts Us:

BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,
NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.
e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com
Phone No.: 05644 - 222 170